**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 13.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **78 साल बाद भारतीय रेलवे के नक्शे पर आया पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी तीन ट्रेनों की सौगात, कई विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ।।**
2. **धनबाद में बीसीसीएल वाशरी का 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट जोरदार आवाज के साथ हुआ धराशायी, राहत और बचाव कार्य जारी।**
3. **झारखंड हाईकोर्ट के रिटार्यड जस्टिस की मौजूदगी में रिम्स शासी परिषद की 60 वीं बैठक जारी, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना।**
4. **रांची में चौकीदार पद पर बहाली प्रक्रिया अंतिम चरण में, 16 सितंबर को 251 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे जायेंगे नियुक्ति पत्र।**
5. **कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने झारखंड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाईटी का किया दौरा, पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मिजोरम को नौ हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। श्री मोदी ने बइरबी–सायरंग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया और तीन नई रेल गाड़ियों की सौगात दी। इसके साथ ही मिजोरम की राजधानी आइजोल भारत के रेल मानचित्र पर आ गयी है।

*********************

धनबाद के बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र के न्यू मधुबन बीसीसीएल वाशरी में कल देर रात एक बड़ा हादसा हुआ है। करीब 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट अचानक जोरदार आवाज के साथ ढह गया। हादसा रात में होने के कारण जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार एक कर्मी के प्लांट के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि, वाशरी डिविजन के जीएम सोहेल इकबाल ने दावा किया कि मलबे में कोई कर्मी फंसा हुआ नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और ट्रेड यूनियन के नेता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन और ठेका कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

*********************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन ने घुसपैठ के मुद्दे पर फिर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि कांग्रेस आदिवासियों और मूलवासियों की कभी भला नहीं चाहती। श्री सोरेन ने डेमोग्राफी बदलाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन के लिए आदिवासी तथा मूलवासियों को फिर उलगुलान करने की जरूरत है।

*********************

पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दिल्ली में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनायें दी। श्री मुंडा ने भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में लोकतंत्र की गरिमा और प्रखर होगी और राष्ट्रहित के संकल्प को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। श्री मुंडा ने केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से भी शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने केन्द्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से भी नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान बोकारो इस्पात कारखाना के विस्तारीकरण से जुड़े विषयों पर दोनों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट के रिटार्यड जस्टिस की मौजूदगी में रिम्स शासी परिषद की 60 वीं बैठक जारी है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों की व्यवस्था को लेकर चर्चा हो रही है। बैठक में नियुक्तियों व व्यवस्था में सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

*********************

खासमहाल भूमि घोटाला के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट 16 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा। विनय चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी चुकी है और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

*********************

रांची जिले में चौकीदार पद पर बहाली की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। लिखित व शारीरिक प्रक्रिया के बाद चुने गए उम्मीदवारों की चिकित्सीय जांच 25 अगस्त से 30 अगस्त तक कराई गई थी। इस जांच में सफल पाए गए अभ्यर्थियों की अंतिम सूची तैयार कर ली गयी है। कुल 251 अभ्यर्थी चौकीदार पद पर नियुक्ति के लिए चयनित हुए हैं। अब इन सभी चयनित उम्मीदवारों को 16 सितंबर को नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे।

*********************

रामगढ़ जिले में प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना युवाओं लिए वरदान साबित हो रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और मौद्रिक नरमी के लाभों से प्रेरित, चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में घरेलू शेयर बाजार में ज़बरदस्त वृद्धि देखी गई। सप्ताह के अंत में सेंसेक्स लगभग एक दशमलव तीन–दो प्रतिशत और और निफ्टी एक दशमलव दो–एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 2 हजार 4 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 34 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की सम्भावना जताई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 15 सितंबर के बाद मानसून में थोड़ा बदलाव आएगा और बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज सहित कई जिलों में भारी बारिश होगी।

*********************

कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कल रांची के खेलगांव स्थित झारखंड स्टेट स्पोर्टस प्रमोशन सोसाईटी का दौरा किया। मंत्री रेड्डी ने भी जेएसएसपीएस के बच्चों और उनके प्रशिक्षकों से बातचीत की और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाडियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने हाल ही में स्थापित फिजियोथेरेपी सेंटर का अवलोकन कर वहां की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

*******समाप्त**************